'जिसने सूरज चांद बनाया'
Jisne Suraj Chand Banaya

सम्माननीय साथियों,
जय हिंद,
आप लोगों को कक्षा पहली के विद्यार्थियों को भाषा भारती के पाठ 1 "जिसने सूरज चाँद बनाया" कैसे पढ़ाना है, इस बारे में विवरण दिया गया है। यदि आप इस प्रक्रिया का पालन करते हैं तो बेहतर तरीके से बच्चों को पढ़ा पायेंगे और पाठ की अवधारणा स्पष्ट करा पायेंगे। अंत में आपको इस पाठ से संबंधित वीडियो भी देखने को मिलेगा, जिसमें बच्चों को हाव भाव पूर्वक सस्वर वाचन करके पढ़ाया गया है।

आपको बच्चों के साथ शुरुआत कैसी करनी है? इसका प्रारंभ यहाँ दिया गया है जिसे आप नीचे देखेंगे।👇

प्रिय विद्यार्थियों,
आपके लिए यहां पर भाषा भारती (कक्षा - पहली) के **पाठ 1 'जिसने सूरज चांद बनाया'** कविता दी गई है। इस कविता को पूरे हाव भाव के साथ गाइए। यहाँ आपको कविता

का अर्थ भी जानने को मिलेगा। जब हम कविता को समझ जाए, तो प्रश्नों के उत्तर भी आप को हल करने होंगे। यहाँ आपके लिए नये शब्द दिये गए हैं, उनके के अर्थ भी जाने। आखिरी में बताइएगा इस कविता से आपने क्या-क्या जाना?

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆

कक्षा १ -भाषा भारती

पाठ-१ जिसने सूरज चाँद बनाया।

जिसने सूरज चाँद बनाया
जिसने तारो को चमकाया।
जिसने फूलों को महकाया
जिसने चिड़ियों को चहकाया।
जिसने सारा जगत बनाया।
जिसने रची हमारी काया।
उस ईश्वर को सदा मनाएँ
उस प्रेम से शीश झुकाएँ।

सरल भावार्थ

बच्चों! जिसने सूर्य और चंदा को बनाया है, जिसने तारों में प्रकाश भरकर उन्हें चमकाया है, जिसने फूलों में महक डाली है, जिसने चिड़ियों को चहकना सिखाया है, जिसने ये पूरा संसार

बनाया है और हमारे शरीर की रचना की है, ऐसे रचनाकार ईश्वर को हम सदैव प्रार्थना करके मनाएँ और हमेशा उनके सामने प्रेंम के साथ अपना सिर झुका लें।

अवधारणा प्रस्तुतिकरण

बच्चों से प्रश्न करेंगे - लकड़ी का सामान बनाने वाले को क्या कहते है?
बच्चों का उत्तर - बढ़ई।
बच्चों से प्रश्न करेंगे - लोहे के समान बनाने वाले को क्या कहते है?
बच्चों का उत्तर होगा - लुहार।
बच्चों से प्रश्न करेंगे - इस प्रकार इस दुनिया को भी बनाने वाला कोई तो है, तो वो कौन है?
बच्चों का उत्तर होगा - भगवान।
बच्चों से प्रश्न कर सकते हैं - भगवान की पूजा कहाँ कहाँ करते हैं?
बच्चों का उत्तर होगा- मंदिर में, फोटो में।

कठिन शब्द

जगत= संसार।
काया=शरीर
रचा=बनाना।

सदा=हमेशा।

शीश= **सिर,** मस्तक।

झुकना=नमन

कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न

प्रश्न 1- सूर्य किस दिशा से निकलता है।

उत्तर- पूर्व।

प्रश्न 2- पक्षी रात में कहा सोते है।

उत्तर- पेड़ों पर।

प्रश्न- संसार का मालिक कौन है।

उत्तर- भगवान